बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0
बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना– 800 023

प्रेस विज्ञाप्ति

पत्रांक - 1846/2025 दिनांक-25.3.25

एतद् द्वारा निदेशानुसार सुचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे वाद सं० WP (Civil) (932/2022) (बिहार राज्य अर्धसरकारी अराजपत्रित0 कर्मचारी महासंघ एवं अन्य बनाम Union of India एवं अन्य) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित त्रिसदस्यीय समिति की दिनांक 06.11.2023 की बैठक की अनुशंसा, वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प सं० 132 दिनांक 20.01.2018 एवं संकल्प सं० 52 दिनांक 14.03.2018 तथा सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार के पत्रांक 395 दिनांक 27.02.2025 तथा झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, रॉची के पत्रांक 176 दिनांक 24.02.2025 के आलोक में बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी यथा बेल्ट्रॉन विडियो सिस्टम्स लि०, रॉची एवं बेल्ट्रान माईनिंग सिस्टम्स लि०, धनबाद (संप्रति अकार्यरत) के कार्यरत/सेवा निवृत/मृत कर्मियों को उपनिगम में one time settlement के तहत् उनके सेवा काल से संबंधित बकाये वेतन भत्ते, अव्यवव्द्धत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नकदीकरण की राशि, ग्रेज्युटी आदि देय सेवान्त लाभ (यदि हों) आदि का भुगतान पर अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु एवं उनके दावे के निष्पादन हेतु निम्नलिखित कागजातों/दस्तावेजों को **दिनांक 11.04.2025 को 4:00 बजे उपराहन्** तक बिहार स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेवलपमेंट कॉरपारेशन लिमिटेड, बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्रीनगर, पटना के कार्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाय:

वांछित कागजातों एवं दस्तावेजों की सूची:

क्र० स०	जीवित कर्मियों के लिए	मृत कर्मियों के लिए
1	नियुक्ति पत्र/निगम कर्मी होने से संबंधित किसी अभिलेख का स्वहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र	नियुक्ति पत्र/ निगम कर्मी होने से संबंधित किसी अभिलेख का स्वहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र
2	प्रतिनियुक्ति पत्र (यदि हो तो)	प्रतिनियुक्ति पत्र (यदि हो तो)
3	वोटर कार्ड (स्वयं का)	वोटर कार्ड (स्वयं का)
4	पैन कार्ड (स्वयं का)	उत्तराधिकारी का वोटर कार्ड (पति/ पत्नी/पुत्र/पुत्री)
5	आधार कार्ड (स्वयं का)	पैन कार्ड (मृत कर्मी का यदि हो)
6	04 (चार) पासपोर्ट साईज फोटो	आधार कार्ड (मृत कर्मी का यदि हो)
7	जीवन प्रमाण–पत्र	उत्तराधिकारी का पैन कार्ड (पति/ पत्नी/पुत्र/पुत्री)
8	अद्यतन बैंक–पासबुक की छायाप्रति (प्रथम एवं अन्तिम/अद्यतन पृष्ठ)	उत्तराधिकारी का आधार कार्ड (पति/ पत्नी/पुत्र/पुत्री)
9	कैंसिल चेक (हस्ताक्षरित)(यदि उपलब्ध हो)	
10	इस आशय का शपथ पत्र (पत्राचार के पता सहित) कि में जीवित हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज सही है। दस्तावेज में त्रुटि रहने पर सारी जवाबदेही मेरी है। मेरे द्वारा इस राशि की प्राप्ति होने के बाद किसी अतिरिक्त राशि का दावा न्यायालय में नही किया जायेगा। यदि मैं गलत व्यक्ति के रूप में पाया जाउगा जो गंभीर सजा का हकदार होऊगा। (नोटः नोटराइज्ड मूल शपथ पत्र में स्पष्टतः अंकित किया जाना चाहिए कि उनके द्वारा कौन–कौन से अभिलेख समर्पित किये जा रहें हैं।)	04 (चार) पासपोर्ट साईज फोटो
11	मोबाईल नं०: ई–मेल (यदि हो तो):	इस आशय का शपथ–पत्र कि मुझसे मृत कर्मी का संबंध किस प्रकार का है। मैं ही मृत कर्मी का वास्तविक उत्तराधिकारी हूँ, अन्य कोई व्यक्ति के साथ उत्तराधिकारी का दावा संबंधी विवाद नहीं है। मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज सही है। दस्तावेज में त्रुटि रहने पर सारी जवाबदेही मेरी है। मेरे द्वारा इस राशि की प्राप्ति होने के बाद किसी अतिरिक्त राशि का दावा न्यायालय में नहीं किया जायेगा। यदि मैं गलत व्यक्ति के रूप मे पाया जाऊँगा जो गंभीर सजा का हकदार होऊँगा।
		बैंक–पासबुक की छायाप्रति (प्रथम एवं अन्तिम/अद्यतन पृष्ठ)
		कैंसिल्ड चेक (यदि उपलब्ध हो)
		मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं Succession Certificate
		मोबाईल नं०

नोटः नोटराइज्ड मूल शपथ पत्र में स्पष्टतः अंकित किया जाना चाहिए कि उनके द्वारा कौन–कौन से अभिलेख समर्पित किये जा रहें हैं।

बेल्ट्रॉन विडियो सिस्टम्स लि०, रॉची एवं बेल्ट्रान माईनिंग सिस्टम्स लि०, धनबाद के कर्मी शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अन्य वर्णित दस्तावेज स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के द्वारा बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉ० लि०, बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्रीनगर में निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करना सुनिश्चित करेगें। निर्धारित तिथि तक निगम में शपथ–पत्र आदि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में देयता संबंधी दावा निरस्त किया जा सकता है।

25-3-25

महाप्रबंधक